## खबर संक्षेप

### पीयूष गर्ग राष्ट्रीय गुणवत्ता ओलंपियाड में प्रथम



**करनाल।** कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज, करनाल के डॉ. पीयूष गर्ग ने सीएएचओ राष्ट्रीय गुणवत्ता ओलंपियाड परीक्षा 2025 में हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। संस्था द्वारा जारी जानकारी के अनुसार डॉ. गर्ग ने 50 में से 44 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हें यह सम्मान अगले वर्ष 11–12 अप्रैल 2026 को चेन्नई में आयोजित सीएएचओ सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा।

### जलापूर्ति व सीवरेज के नए कनेक्शनों पर छूट



करनाल। सरकार ने जलापूर्ति व सीवरेज के नए कनेक्शन लेने पर लगने वाला रोड कट शुल्क माफ कर दिया है। यह छूट केवल रिहायशी कनेक्शनों पर लागू होगी। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि पहले कच्ची/इंटरलॉकिंग गलियों में 5940 रुपये और सीमेंट/तारकोल सड़क पर 9900 रुपये शुल्क लगता था, जिसे समाप्त कर दिया गया है। अब नागरिकों को कनेक्शन लेने पर केवल 1550 रुपये फीस देनी होगी। आवेदन के लगभग एक सप्ताह बाद कनेक्शन जारी किया जाता है। मीटर न लगवाने की स्थिति में पुराने नियमों के अनुसार शुल्क लागू होगा।

### कार्यक्रम हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया

# गुरुद्वारा श्री शीशगंज में रात्रि विश्राम के लिए रखा गुरु तेग बहादुर का शीश

दिल्ली से आनन्दपुर जाते समय एक रात के लिये धोबी देवा राम के घर पर शहीद गुरू तेग बहादुर का शीश विश्राम करने के लिए रखा था



तरावड़ी। गुरुद्वारा शीशगंज शहीदी दिवस पर रंग बिरंगी लाइटों से सजा।



तरावड़ी। गुरु घर मे संगत लंगर चखते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी का ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब का इतिहास मे विशेष स्थान रखता है। यह धार्मिक स्थल भारत के गुरूदारों मे श्री गुरू तेग बहादुर शीशगंज के नाम से प्रसिद्ध है। जिला करनाल के तरावड़ी जी टी रोड़ से लगभग तीन कि. मी. अन्दर काटजू नगर के पास स्थित है। यहां दिल्ली से आनन्दपुर जाते समय एक रात के लिये धोबी देवा राम के घर पर शहीद गुरू तेग बहादुर का शीश विश्राम करने के लिये रखा गया था। सारी रात बैठकर पहरा दिया सुबह होते ही आनन्दपुर के लिये रवाना हो गये। तब इस स्थान पर छोटा सा गुरूद्वारा बनाया गया था। जिसका नाम शीशगंज गुरूद्वारा रखा गया था।

### हर माह की पंचमी पर लगता है मेला

गुरुद्वारा श्री शीशगंज पर हर माह की पंचमी पर मेला लगता है।यहां दूर दूर से हजारों की सख्यां मे श्रद्धालु आकर माथा टेकते है। इस गुरूद्वारा मे एक सरोवर बना हुआ जिसमे पंचमी के दिन श्रद्धालु स्नान करते है। इस गुरूद्वारा में बहुत बड़ा लंगर हाल बना हुआ है जिसमे हजारों श्रद्धालु एक साथ लंगर प्रसाद लेते है। यहां पर 24 घंटे गुरू का लंगर बरताया जाता है। गुरुद्वारे में लगे संगमरमर के पत्थरों की छटा दिन की धूप मे औा रात की चांदनी मे अति अद्भुत, सुन्दर एवं मनोहरी दृश्य प्रस्तुत करती है। चारों दिशाओं मे एक जैसी गुरूद्वारा की इमारत हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां निकलने वाले लोग गुरूद्वारा मे दर्शन करके जाते है।

### यह है इतिहास

जब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी को दिल्ली के चांदनी चौंक में शहीद कर दिया गया तो किसी की हिम्मत नहीं हुई कि गुरु साहिब का शरीर या शीश उठा सकें पर अकाल्पुरख की मर्जी के साथ बहुत तेज आंधी चली और उस अंधेरे की आढ़ में भाई जैताजी गुरु साहिब का शीश उठाने में कामयाब हो गए तथा भाई लखी शाह जी गुरु साहिब का शरीर अपने घर ले गए और शरीर का संस्कार अपने घर को आग लगाकर किया क्योंकि सामूहिक तौर पर संस्कार करना खतरे से भरा था। दूसरी तरफ भाई जैता जी गुरु साहिब का शीश



तरावड़ी। गुरुद्वारा साहिब मे सजा दरबार व संगत दर्शन करते हुए।

लेकर यहाँ पहुंचे। तरावड़ी के भाई देवा राम धोबी श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का हाल जानने के लिए उत्सुक था। जब भाई जैता जी यहाँ पहुंचे, तो उन्होंने भाई जैता जी से गुरू साहिब के बारे में पूछा जब भाई देव राम जी को दिल्ली में क्या हुआ था के बारे में पता चला, उन्होंने भाई जैता जी और गुरू साहिब के शीश साहिब को तरावड़ी इस स्थान पर ले आयें। उन्होंने लंगर के साथ भाई जैता जी की सेवा की, और उन्हें आराम करने के लिए कहा। एक रात यहां गुजार के भाई जैता जी दुसरे दिन आनंदपुर साहिब के लिए चल दिए। अम्बाला और जीरकपुर होते हुए शीश लेकर भाई जैता जी श्री आनंदपुर साहिब पहुंचे। जहाँ श्री गुरु गोबिंद सिंह जी उनका अंतिम संस्कार किया।

## खबर संक्षेप




तरावड़ी। कार्यक्रम भाग लेते प्रताप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

### प्रताप स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस काउंसलिंग में उत्तर भारत के टॉप 6 यूनिवर्सिटीज द्वारा विद्यार्थियों को मिली भविष्य निर्माण की नई दिशा। सर्वप्रथम सभी अतिथिगण का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के सभी छात्र अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहें। कक्षा ग्यारहवीं में कौन से विषयों का चयन करें और उसके बाद किस कोर्स में दाखिला लें। यह असमंजस की स्थिति केवल छात्रों के लिए ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी बनी होती है। स्थिति के समाधान हेतु विद्यालय की मैनेजमेंट द्वारा यह सराहनीय कदम उठाया गया। यूनिवर्सिटीज से आए गणमान्य सदस्यों ने छात्रों को कौन-कौन से विषय लेने चाहिए उनकी जानकारी दी।



### संविधान पर प्रश्नोत्तरी में आठवीं की टीम रही विजेता

**करनाल।** डॉ. गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय करनाल की बी.एड. छात्रा-अध्यापिकाओं ने अपने शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सनातन धर्म गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संविधान दिवस के उपलक्ष में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. राकेश संधू के निरीक्षण में हुआ। छात्रा-अध्यापिकाओं ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर संविधान से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान, अधिकारों, कर्तव्यों और मूल्यों से परिचित कराना था। परिणाम में कक्षा आठवीं विजयी रही। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राध्यापिका डॉ. शिवा शर्मा ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### मिल के दो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हुए नियमित

करनाल। सहकारी चीनी मिल प्रबंधन ने वर्षों पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए दो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ब्यास कुमार और राजबीर को नियमित कर नियुक्ति पत्र जारी किए। नियुक्ति पत्र प्रबंध निदेशक अदिति द्वारा प्रदान किए गए। कर्मचारी यूनियन ने इस निर्णय का स्वागत किया।



### पीजीसी करनाल में संविधान दिवस मनाया

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में महत्वपूर्ण दिवस समिति के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह ने संविधान की महत्ता बताते हुए कहा कि यह देश की समानता, स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता की आधारशिला है। विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलवाई गई। समिति अध्यक्ष डॉ. राजेश रांझा ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया पर जानकारी दी। संगोष्ठी में डॉ. कंवारभान, डॉ. सरिता आर्या और डॉ. रश्मि सिंह ने संविधान के सिद्धांतों को समाज में लागू करने पर बल दिया। एनसीसी एयर और आर्मी विंग ने रैली में भाग लेकर जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में डॉ. सुनील नरवाल, डॉ. नीरज मान, डॉ. नूतन गर्ग समेत कई शिक्षकों का योगदान रहा।

### डॉ. विजय कौशिक की दो पुस्तकों का विमोचन

करनाल। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में केवीके उचानी करनाल के वैज्ञानिक डॉ. विजय कुमार कौशिक की दो पुस्तकों—'फाउंडेशन ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स' और 'कॉस्ट ऑफ कल्टीवेशन' (द्विभाषी मैनुअल)—का विमोचन किया गया। डॉ. कौशिक अब तक 8 पुस्तकें लिख चुके हैं और 44 शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित कर चुके हैं। उन्हें यंग साइंटिस्ट अवार्ड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद एक्सीलेंस साइंटिस्ट अवार्ड, बेस्ट इकोनॉमिस्ट अवार्ड सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

### दो अवैध कॉलोनियों में चला प्रशासन का बुलडोजर

करनाल। जिला नगर योजनाकार गुंजन के निर्देश पर बुधवार को पुलिस बल व ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दो अवैध कॉलोनियों पर तोड़फोड़ कार्रवाई की गई। पहली कॉलोनी गांव गोंदर के पास बस अड्डे के निकट 5.5 एकड़ में थी, जहां छह डीपीसी और कच्ची सड़कें ध्वस्त की गईं। दूसरी कॉलोनी 10 एकड़ क्षेत्र में गोंदर रोड के पास विकसित की जा रही थी, जिसमें छह निर्माणाधीन मकान, डीपीसी, चारदीवारी, सीवरेज नेटवर्क और सड़कें तोड़ी गईं। जिला नगर योजनाकार ने कहा कि अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों पर लगातार एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। आमजन से अपील है कि वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें और धोखेबाज डीलरों के जाल में न फंसें।



तरावड़ी। विजेता बच्चों को मेडल पहनाते हुये स्कूल प्रधानाचार्य व स्टाफ।

### लोक संगीत में लवप्रीत को राज्य स्तर पर तृतीय स्थान

तरावड़ी, 26 नवम्बर (राजकुमार खुराना) आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावडी के छात्रो ने रोहतक में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों ने लोकनृत्य में अनुष्का कक्षा सातवीं थियेटर में पावनी शर्मा कक्षा सातवी और लवप्रीत कक्षा आठवी लोक संगीत में भाग लिया। लोक संगीत मे लवप्रीत ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने बच्चो को मेडल पहना कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर श्रीमती अनुपमा शर्मा, संगीत प्रध्यापिका श्री मती पिंकी कुमारी, अध्यापक अजय चौहान हेमराज, श्री मती सुनीता व विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# छात्र से कुकर्म करने वाला आचार्य गिरफ्तार, जेल भेजा

- जेल भेजा गुरुकुल में सातवीं कक्षा के छात्र से अमानवीय कृत्य का मामला उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

निसिंग थाना क्षेत्र के एक गुरुकुल में सातवीं कक्षा के छात्र के साथ अमानवीय कृत्य किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी आचार्य को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया। बच्चे के साथ हुई यह घटना गुरु–शिष्य परम्परा की मर्यादा को तार–तार करने वाली है। माँ को फोन कर बच्चा रोते हुए बोला— "मेरा गलत काम हुआ है, माँ जल्दी आओ पीड़ित छात्र मूल रूप से इन्द्री क्षेत्र का निवासी है और निसिंग के पास स्थित गुरुकुल में 7वीं कक्षा में पढ़ता है। छात्र की माँ ने बताया कि 24 नवम्बर शाम लगभग 4:15 बजे गुरुकुल की एक महिला ने उन्हें फोन कराया। बच्चा बुरी तरह रो रहा था और बार–बार कह रहा था माँ जल्दी आ जाओ, मेरे साथ गलत काम हुआ है आप अभी आओ। यह सुनकर बच्चा की माँ तुरंत गुरुकुल पहुँची। बच्चे ने माँ को बताया कि 23 नवम्बर दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे आरोपी आचार्य उसे अपने कमरे में ले गया। फिर उसे बाथरूम में ले जाकर कपड़े उतरवाकर उसके साथ कुकर्म किया।

# संविधान देश की आत्मा है इस पर कभी आंच नहीं आने देंगे : डॉ. राजेश वैध

- जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यालय पर बुजुर्गों को कंबल ओढ़ा कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

संविधान हमारे देश का सबसे बड़ा ग्रन्थ है व हर भारतवासी को अपने देश के संविधान पर गर्व होना चाहिए उक्त विचार जिला करनाल कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष, हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व पीसीसी डेलीगेट प्रोफेसर राजेश वैध ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर संविधान दिवस के



करनाल। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए डा. राजेश वैद्य।

उपलक्ष्य मे आयोजित समारोह मे उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। वैध ने कहा की आज देश गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है व ऐसे कठिन समय मे संविधान पर दिखाए मार्ग पर चल कर ही इस विशाल देश को सही व तरक्की के मार्ग पर लें जाया जा सकता है। वैध ने सभी से संविधान की रक्षा करने को आगे आने का आह्वान करते हुए उन ताकतों को ललकारने का भी एलान किया जो संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है।

### ये रहे मौजूद

सेमिनार का शुभारम्भ सविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर, हरियाणा से संविधान सभा सदस्य रहे चौ रणवीर हुड्डा व वाल्मीकि समाज से संविधान सभा सदस्य रहे प्रोफेसर यशवंत राय को पुष्प अर्पित व नमन कर किया गया। सविधान दिवस पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा संविधान को अंगींगृत करने पर नमन किया गया। कार्यक्रम मे शहरी अध्यक्ष पराग गाबा, पीसीसी डेलीगेट राजेश चौधरी, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन संजय मेहला, प्रदेश संयोजक ओबीसी कांग्रेस अमरजीत धीमान, रिटायर्ड डीएसपी सुल्तान सिंह आदि रहे।

# संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, इसके आदर्श राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: आयुक्त अशोक कुमार

- नगर निगम करनाल में संविधान दिवस पर प्रस्तावना का वाचन, अधिकारियों ने ली संकल्प की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने की। उन्होंने विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सबसे पहले संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और संवैधानिक दायित्वों के प्रति समर्पण व्यक्त किया। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज भर नहीं, बल्कि भारत की पहचान, हमारी सामूहिक आकांक्षाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत घोषणापत्र है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, क्योंकि यह हर नागरिक की स्वतंत्रता, गरिमा और विचारों का सम्मान करता है।

### संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक : पुलिस अधीक्षक

मधुबन। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में संविधान दिवस समारोह पुलिस परिसर स्थित वच्छेर मैदान में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के निदेशक डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला के मार्गदर्शन में हुआ तथा आयोजन का दायित्व पुलिस अधीक्षक बलजिंदर सिंह को सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक बलजिंदर सिंह ने अपने संदेश में अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थी जवानों को संविधान दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संविधान हमारे लिए दिशा–सूचक दीपस्तंभ है। यह हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व तथा राष्ट्र की अखंडता की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।

### संविधान न्याय, समानता और जनसेवा की नींव

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में बुधवार को जिलेभर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम, शिविर और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने ए.डी.आर. केंद्र में उपस्थित स्टाफ को संविधान दिवस की शपथ दिलाई और उन्हें निस्वार्थ भाव से जनहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा और डॉ. इरम हसन ने नारी निकेतन और श्रद्धानंद बाल आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ रह रही महिलाओं व बच्चों को संविधान दिवस की बधाई दी।

# राइस मिल में प्रवासी मजदूर का शव मिलने से सनसनी, पहुंची पुलिस

**घरौंडा।** गांव बरसत के पास एक राइस मिल में एक कमरे में 26 वर्षीय एक प्रवासी मजदूर का शव पुलिस ने बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि मृतक के छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की हत्या कर के फरार हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल अस्पताल में भेज दिया है।

बरसत रोड पर स्थित राइस मिल में 26 वर्षीय कटिहार (बिहार )संतोष का बंद कमरे में लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था। संतोष के काम पर न जाने के बाद मिल का ठेकदार लक्ष्मी नारायण ने संतोष का जब कमरा खोल कर देखा तो संतोष लहूलुहान अवस्था में मृत पड़ा हुआ था। ठेकदार लक्ष्मी नारायण ने संतोष की हत्या की सूचना मिल के मालिक को दी।। जैसे ही मिल में हत्या की घटना की सूचना मिली तो मिल के कर्मचारियों में हड़कम मच गया।मिल मालिक ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर गांव बरसत के पास एक राइस मिल के कमरे में एक 26 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया है। आशंका है कि मृतक के सगे भाई ने ही अपने भाई की हत्या की है। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल अस्पताल में भेज दिया है।

# सिख धर्म के नौवें गुरु जी ने धर्म और मानवता के लिए दिया बलिदान: बालकृष्ण त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वे शहीदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु साहिब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं शब्द-कीर्तन के साथ हुई। छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय त्याग, बहादुरी और मानवता के लिए किए गए बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी सिर्फ सिख समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होने ने विशेष रूप से कश्मीरी पंडितों के लिए दिए गए गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान का उल्लेख



तरावड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते स्कूल प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी।

करते हुए कहा कि जब कश्मीरी पंडितों को जबरन धर्म परिवर्तन का सामना करना पड़ा, तब गुरु साहिब ने उनके अधिकारों एवं स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का त्याग किया। यह इतिहास में अद्वितीय और अमर बलिदान है, जिसने भारत की उदार एवं बहु-सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त बनाया।

### राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में मनाया संविधान दिवस

# संविधान हमारे देश का सर्वोच्च कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। यह दिन 1949 में संविधान सभा द्वारा देश के संविधान को औपचारिक रूप से अपनाए जाने की याद दिलाता है। इस विषय पर बोलते हुए प्राचार्य ,प्रोफेसर (डॉ) सुरेंद्र नागिया ने बताया कि भारतीय संविधान को बनाने में 2 वर्ष,11 महीने और 18 दिन का समय लगा था। प्राचार्य ने बताया कि संविधान हमारे देश का सर्वोच्च कानून है जो भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष,



घरौडा। संविधान का पालन करने की शथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है और सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता तथा समानता की गारंटी देता है। संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बी.आर. अंबेडकर के महान योगदान को याद करना है। भारतीय संविधान देश की आत्मा और सर्वोच्च विधान है। यह केवल नियमों और कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है जो हमें एक राष्ट्र के रूप में दिशा दिखाता है और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सुचारु संचालन की गारंटी देता है। इसी विषय पर बोलते हुए एसोसिएट प्रोफेसर, श्री गुरनाम सिंह मलिक ने बताया कि हम 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाते हैं, तो यह हमें उस ऐतिहासिक यात्रा की याद दिलाता है जो स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक थी। यह दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि हमारा संविधान विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों वाले करोड़ों लोगों को 'एकता' के धागे में पिरोता है।

## खबर संक्षेप

### साइबर अपराधों के प्रति जन जागरण अभियान चलाया

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पानीपत लगातार साइबर अपराधों के प्रति जन जागरण अभियान चलाए हुए हैं। वहीं थानेदार अजय ने बुधवार को प्रेम इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में विद्यार्थियों व स्टाफ को साइबर अपराध की व इससे बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी देकर जागरूक करते हुए कहा कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठगी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। यूजर्स की लापरवाही, अनभिज्ञता और डर का फायदा उठाकर ठग उनकी जमा-पूंजी को निशाना बनाते हैं। आमजन जागरूक व सतर्क रहकर इनसे बचे।

### आर्य कॉलेज में हुआ व्याख्यान

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधानिक मूल्यों का महत्व विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ता तौर पर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक दीपक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मनीषा, आस्था गुप्ता आदि ने संविधान की विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी।

### ब्राह्मण समाज के खिलाफ गलत भाषा बर्दाश्त नहीं

**पानीपत।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल राणा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के खिलाफ गलत भाषा का प्रयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज में बे लगाम कुछ असामाजिक तत्व जहर घोलने का काम करते हैं अगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए तो भारतीय क्षत्रिय महासभा उनका इलाज करेगी। महासभा के महासचिव पवन राणा ने कहा कि इस मामले में कडी आपत्ति जताई।

### किसान विरोधी है भाजपा सरकार

**पानीपत।** भाजपा सरकार द्वारा ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण की फीस 10 गुणा बढ़ाए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने इसे पूरी तरह से किसान विरोधी फैसला बताया है। राठी ने कहा कि पहले ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण फीस 1080 रुपये लगती था, वहीं, अब 10485 रुपये कर किसान वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ाया गया है।

### उद्योग पर चिंतन शिविर 28 को

**पानीपत।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा पानीपत में 28 नवंबर को चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गीता सरोवर पोर्टिको पानीपत में होने वाले इस शिविर के बारे में जानकारी देते हुए चैंबर के प्रवक्ता ने बताया कि चिंतन शिविर का विषय पानीपत के वस्त्र उद्योग का तकनीकी रूपांतरण उचित मूल्य बेहतर कल है।

### एक दिवसीय एनएसएस कैंप आयोजित

**पानीपत।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल परिसर में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्कूल परिसर में महासभा का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्या सुमिता अरोड़ा, सुशील मिश्रा, पार्थ, अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आईबी कॉलेज में संविधान दिवस मनाया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में एनएसएस यूनिट व राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. किरण मदान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू, प्रो. राहुल, डॉ. नीतू, प्रो. पूजा प्रो. कुलदीप डॉ. पूनम मदान, डॉ. प्रवीण, डॉ. राजेश, डॉ. सुनीता रानी के साथ बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्ले स्कूल होंगे बंद

**पानीपत।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने जिले में संचालित निजी प्ले स्कूलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि अब बिना पंजीकरण चल रहे किसी भी प्ले स्कूल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

राज्य कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया

# सामाजिक भाईचारे को मजबूत करेगी अंतरराष्ट्रीय जाट संसद

## पानीपत में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की बैठक में राष्ट्रीय स्तरीय नेताओं का अभिनंदन किया

- डॉ. नवीन ने कहा कि मेरे लिए राजनीति बाद में कौम का भाईचारा सर्वोपरि है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारीगण एकता का प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी के पानीपत कार्यालय पर राष्ट्रीय व राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ मिलकर छत्तीस बिरादरी के भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया, क्योंकि आज के समय में राजनीतिक ध्रुवीकरण के कारण छत्तीस बिरादरी के भाईचारे को ठेस पहुंचाने का काम किया गया है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय नवीन अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी दातल, संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया व राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया। डॉ. नवीन ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व हरियाणा के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र से आए सभी सामाजिक व्यक्तियों व पदाधिकारियों के साथ संकल्प लिया कि प्रदेश के प्रत्येक कोने-कोने में जाकर सभी सामाजिक संगठनों के सहयोग से छत्तीस बिरादरी के भाईचारे को मजबूत किया जाएगा। इधर, डॉ. नवीन ने कहा कि मेरे लिए राजनीति बाद में कौम का भाईचारा सर्वोपरि है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानियां, राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नू चौधरी दान्तल, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुरेश सिरोही जैलदार, डॉ. अश्विनी गोयत, अमृतलाल नांदल, बवानी सिंह किरमारा, सिद्धार्थ तोमर, अमित डबास, दीपक कालीरामना, अमरजीत रूहल, धर्मपाल , रामकिशन राठी गाजंबढ, सुखबीर जागलान, प्रवीन जागलान, किदार सिंह नौल्था, मनोज, मनदीप , जसबीर ढाडा, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ अपना जन्मदिन मनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

# राजीव परुथी ने बच्चों संग मनाया अपना जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने बुधवार को अपना जन्मदिन अंधविद्यालय में बच्चों के साथ मनाया। राजीव परुथी ने सभी बच्चों के साथ समय बिताया एवं खाने पीने का राशन भी वितरण किया। राजीव परूथी ने कहा अंध विद्यालय में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने का कार्यक्रम एक खुशहाल और प्रेरणादायक अनुभव रहा। जिसमें बच्चों की सुन्दर सी मुस्कान ने मेरे जन्मदिन को हमेशा के लिए यादगार बना दिया। वहीं पीसीसी एकेडमी के सभी बच्चों को भी राजीव परुथी अपने साथ लेकर विद्यालय पहुँचे। एकेडमी की सह निदेशक शिल्पा परूथी ने कहा हमें अपने बच्चों को अन्ध विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से जरूर मिलवाना चाहिए ताकि बच्चों के अंदर प्रेमभाव की भावना और बड़े। राजीव परूथी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य अनीश कुमार जैन व होनहार बच्चे को सम्मानित किया। इस मौके पर ऋतु, गोरांशी, पलक, सिमरन, अंजलि, साक्षी, श्रुति आदि मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज का सचिवालय पर प्रदर्शन

- आईपीएस संतोष द्वारा ब्राह्मण समाज पर अभ्रद टिप्पणी किए जाने से नाराज हुए ब्राह्मण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

मध्य प्रदेश में आईपीएस अधिकारी के विवादित बोल के खिलाफ ब्राहमण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम और संरक्षक एडवोकेट ऋतमोहन की अगुवाई में जिला सचिवालय पर प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश सरकार के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इधर, महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने कहा कि ऐसा बयान महिलाओं के अधिकार, गरिमा के विपरीत और जातिगत कटाक्ष से भरा हुआ है। इस तरह की टिप्पणी सामाजिक सौहार्द और प्रशासनिक मर्यादा के खिलाफ है। आंदोलन में संदीप शांडिल्य, विरेंद्र राणा, सतपाल राणा, अनिल अत्री, प्रवीण अत्री, जितेंद्र शास्त्री, रविंद्र कुमार, सतपाल शर्मा, संदीप, दीपक शर्मा, मुकेश शर्मा, सतीश वत्स, संतोष राऊत, हरिओम गुप्ता, नवीन वशिष्ठ, सचिन शर्मा, सुनील शर्मा, संजीव शर्मा, आदेश शर्मा, सुनील भारद्वाज, राजेश शर्मा, सतीश शर्मा, शिव कुमार, पुरूषोतम शर्मा आदि ने भाग लिया।

# संविधान व लोकतंत्र को कुचलने नहीं देंगे: सांसद

- कांग्रेस के एससी विभाग ने संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। कांग्रेस के संविधान दिवस कार्यक्रम में मंचासीन सांसद दीपेंद्र हुड्डा आदि।

पानीपत की रोड धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस के एससी विभाग द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह में सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने शिरकत की और डॉ. भीमराव अंबेडकर समेत संविधान निर्माताओं को नमन किया।

उन्होंने संविधान दिवस के अवसर पर देश के प्रजातांत्रिक मूल्य और संविधान बरकरार रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने संविधान बनाने में संविधान सभा सदस्य के रूप में योगदान देने वाले व देश के सात संविधानिक सदनों के सदस्य रहे स्वर्गीय चौ. रणबीर सिंह को जयंती पर नमन किया। दूसरी ओर, सांसद हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग की मिलीभगत करके मतदातासूची में हेरफेर करने का काम कर रही है। वहीं, देशवासी बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र को कुचलने नहीं देंगे। 'वोट चोरी' एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। बीजेपी द्वारा चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करके चुनावी नतीजों को अपने पक्ष में करने के प्रयास किये जा रहे हैं। संविधान के अंतर्गत जो आदर्श और मूल्य स्थापित किये गये हैं, भाजपा की सत्ता की भूख के आगे उनका कोई महत्व नहीं रह गया है। कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता गुरदीप सप्पल, सांसद वरुण मुलाना, मनोज बागड़ी चेयरमैन एससी सेल, बलबीर बाल्मीकि, दिव्यांशु बुद्धिराजा, सचिन कुंडू, बुल्ले शाह, रमेश मलिक जिला अध्यक्ष ग्रामीण, बलजीत सिंह जिला अध्यक्ष शहरी, सुभाष बठला आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# रिफाइनरी में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया

- कार्यक्रम स्थल पर संविधान के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय गौरव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया, संविधान पालन की शपथ दिलवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में 76वां संविधान दिवस गरिमा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक तथा इंडियन ऑयल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया। कार्यक्रम स्थल पर संविधान के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय गौरव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। वहीं, डहरिया ने विश्व के सबसे विस्तृत, लिखित और प्रगतिशील भारतीय संविधान की विशेषताओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह देश का सर्वोच्च कानून है, जो न केवल राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करता है, बल्कि प्रत्येक नागरिक के अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता की रक्षा भी सुनिश्चित करता है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से ईमानदारी, निष्ठा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया।

# नेक कार्य करने से मिलती है दुआ

## जब मरीज दवाइयों से ठीक नहीं होता है तो दुआएं काम कर जाती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जैन स्नातक में प्रवचन करते हुए जैन साध्वी। फोटो: हरिभूमि

कैलाश कुसुम संघ की महासाध्वी श्री ज्ञान प्रभा, श्री शक्तिप्रभा, श्री मधु जी महाराज आदि ठाणे-14 गांधी अपने-अपने क्षेत्रों में चातुर्मास पूर्ण करने के पश्चात मंडी स्थानक में पहुंच चुके हैं। इधर, प्रवचन करते हुए साध्वी श्री रक्षिता साध्वी श्री अशिमा ने सहनशीलता विषय पर कहा कि दुआ लेने और देने के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि दुनिया की दौलत तो बहुत कमा लेते हैं, दुआओं की दौलत भी कमानी चाहिए। अपने जीवन में दौलत कमा लीजिए, दौलत पैसा नहीं है, दुआ लीजिए। दुआओं की ताकत ही है कि जब मरीज दवाइयों से ठीक नहीं होता है तो दुआएं काम कर जाती हैं। हमें किसी के बद् दुआ नहीं लेनी चाहिए। दुआ लेने के बहुत तरीक़े हो सकते हैं। वहीं, साध्वी श्री सोनिया ने मंगल पाठ की कृपा की। इस अवसर पर महावीर प्रसाद जैन, डॉ एपी जैन, जगदीश जैन, डॉ. ईश्वर जैन, सुरेश जैन, ओम प्रकाश जैन, रामनिवास जैन, नरेंद्र जैन, विजेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन, नरेंद्र जैन, सुशील जैन, मनीष जैन, आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

### अब सडक़ों पर नहीं दिखेगा आवारा गोवंश: गर्ग गौशालाओं को 2.82 करोड़ की सहायता दी गई

**पानीपत।** हरियाणा गौशाला सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने बुधवार को जिले की प्रमुख गौशालाओं का निरीक्षण कर गौ संरक्षण और गोवंश संवर्धन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, गोहाना रोड स्थित मुख्य गौशाला में आयोजित बैठक में उन्होंने जिले की सभी पंजीकृत गौशालाओं के प्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौंपी तथा उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। वहीं, अध्यक्ष गर्ग ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हरियाणा को बेसहारा गो-मुक्त बनाना है और इसके लिए प्रशासन, गौशालाओं व समाज को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गोवंश सडक़ों पर न दिखे, इसके लिए सभी गौशालाओं को अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। इसी कड़ी में जिले की पांच गौशालाओं ने 1300 गोवंश रखने की सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत गौशालाओं को सरकार अनुदान दे रही है, इसलिए आवारा व बेसहारा गोवंश को आश्रय देना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पानीपत जिले की गौशालाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा 2 करोड़ 82 लाख रुपये की राशि जारी की गई है, जो अब तक की सबसे बड़ी सहायता है। इस अवसर पर गौभक्त हरिओम तायल, प्रो. रामनिवास गुप्ता, राकेश मलिक, कुलबीर खरब, श्रीभगवान, डॉ सुनीता, वीरेंद्र कुमार, रविंद्र कादियान आदि उपस्थित रहे।

# समाज पर कलंक है लैंगिक हिंसा: पूजा



पानीपत। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी जागरूकता रैली को रवाना करते हुए।

- इनर व्हील क्लब ने पानीपत में ऑरेंज कैंपेन चलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 308 की चेयरमैन पूजा गोयल की देखरेख में दस दिवसीय ऑरेंज कैंपेन चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण तथा लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जागरूक करना है। जिसके तहत आज सरकारी कन्या विद्यालय मॉडल टाउन में महिलाओं के सशक्तिकरण और लैंगिक हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर और नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं छात्राओं के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें क्लब के सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में पीडीसी सीमा चोपड़ा, सचिव अंजलि दिलोरी, भूमिका गुप्ता, रेखा गुप्ता, राजकीय स्कूल के टीचर्स व स्टूडेंट्स आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### दिलशाद के मौत के मामले की जांच शुरू

पानीपत। पानीपत में बाबरपुर रेलवे लाइन के पास डेढ़ माह पहले उत्तर प्रदेश के शामली निवासी दिलशाद का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। इधर, दिलशाद की बहन नसीमा ने जीआरपी से शिकायत कर दावा किया है कि दिलशाद की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फैंका गया था। इधर, नसीमा की शिकायत पर रेलवे पुलिस के अधीक्षक ने जीआरपी पानीपत को दिलशाद की मौत की जांच के आदेश दिए है। जीआरपी थाना प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि दिलशाद की मौत के केस की नए सिरे से सभी पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है।

### हादसे में युवक की मौत

**पानीपत।** रोहतक नेशनल हाईवे पर इसराना की अनाज मंडी के पास ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक चालक दीनदयाल निवासी गांव नांगल खेड़ी को टक्कर मार दी। हदसे में दीनदयाल की मौके पर ही मौत हो गई। दीनदयाल मूल रूप से यूपी का निवासी था और शिवालिक फैब्रिक फैक्ट्री में काम करता था। इसराना थाना पुलिस ने केस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार केस में एक युवक पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने असला तस्कर को कारतूस सप्लाई करने वाले आरोपी शाकिर निवासी कांधला, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। थानेदार विजय ने बताया कि इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### नगदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत की बबैल रोड के रामनगर में स्थित राजकुमार के घर के ताला तोड़कर चोर 38 हजार रुपये की नकदी और एलसीडी टीवी और सोने की ज्वेलरी चोरी करके ले गए। घटना के समय राजकुमार अपने परिवार समेत रिश्तेदारों के घर विवाह में गया हुआ था। राजकुमार की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल जांचा और अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फैक्टरी में आग लगी

**पानीपत।** पानीपत की सनौली रोड स्थित बबैल नाके पर बुधवार शाम को दीपक की कारपेट फैक्टरी में आग लग गई। दीपक ने बताया कि आग में कारपेट सामग्री, मशीनरी आदि जल गया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्री मनीष पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार निवासी मकान नं.डी-178/3, इंसार चौंक, तहसील व जिला पानीपत। बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मनीष पुत्र स्व0 श्री अशोक कुमार निवासी मकान नम्बर डी 178/3, इंसार चौंक, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मेरे पिता जी लेट श्री अशोक कुमार पुत्र श्री चरण दास की मृत्यु दिनांक 19-04-2019 को हो चुकी है व मेरी दादी श्रीमति चनन देवी की मृत्यु काफि अरसे पहले हो चुकी है। यह कि लेट श्री अशोक कुमार पुत्र श्री चरण दास की मृत्यु बाद उनके निम्न उतराधिकारी/वारिस है- 1- राज रानी विधवा 2. स्वाती पुत्री 3. मनीष पुत्र है। कुल 3 वारीस है। अन्य कोई वारिस नही है। उपरोक्त वारसान के अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है व वारसान की तसदीक द्वारा नवल जिन्दल नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 9 पानीपत व सुभाष पटवारी हल्का पानीपत द्वारा दिनांक 21-11-2025 द्वारा भी अपनी रिपोट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस /उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 कार्य दिवस दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 25-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.1157 है।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

एसडी पीजी कॉलेज में एनएसएस इकाई ने संविधान दिवस मनाया

# अधिकारों व कर्तव्यों में संतुलन बनाएं नागरिक: डॉ. अनुपम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ संविधान पालना की शपथ दिलवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की एनएसएस इकाइयों के तत्वावधान में संविधान दिवस पूरे सम्मानपूर्वक मनाया गया।

वहीं, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारत में 140 करोड़ लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम संविधान करता है। वहीं हर वास्तु स्थिति को बारीकी से समझने वाले व्यक्तित्वों ने ही संविधान का निर्माण किया था। दुनिया के संविधानों से अच्छी बातें चुनकर एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की गई। हमारा संविधान एक अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि नागरिकों को अपने अधिकारों की तो चिंता है परंतु वे अपने कर्तव्य नहीं निभाना चाहते । हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों में संतुलन बनाना होगा। देश के प्रत्येक नागरिक को हमेशा मार्गदर्शन देने का काम संविधान ने किया है। मर्यादा में रहकर मिलकर काम करने की प्रेरणा संविधान हमें देता है। अच्छी नागरिक सोच के लिए संविधान का ज्ञान होना जरुरी है। युवाओं को चाहिए कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छे लोगों का समूह बनाए ताकि राजनीति में उनका आगमन हो सके। वहीं, कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई ।

